No. of Printed Pages : 4

1076012

2019

# ISRO-36/I

## लोक प्रशासन : प्रश्न–पत्र – I
## PUBLIC ADMINISTRATION : Paper – I

निर्धारित समय : तीन घंटे ] [अधिकतम अंक : 200

Time Allowed : Three Hours] [Maximum Marks : 200

नोट : (i) दो खण्डों में कुल आठ प्रश्न दिये गये हैं, जो हिंदी और अंग्रेजी दोनों में छपे हैं ।

(ii) प्रत्येक खण्ड से कम से कम दो प्रश्नों का चयन करते हुए, कुल पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के अंत में निर्धारित अंक अंकित हैं ।

(iv) सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।

Note : (i) There are total **eight** questions in **two** Sections, printed in **both** Hindi and English.

(ii) Answer **five** questions, selecting atleast **two** from each Section.

(iii) Marks are given **against each** of the question.

(iv) **All** questions carry **equal** marks.

### खण्ड – अ / Section – A

1. (a) लोक प्रशासन के अर्थ तथा क्षेत्र का वर्णन कीजिये । क्या आधुनिक समय में भारत जैसे विकासशील देश में इसका महत्त्व बढ़ रहा है ? **15**

Explain the meaning and scope of Public Administration. Is its significance increasing in a developing country like India in modern times ?

(b) नव लोक प्रबंधन के मूल तत्वो की विवेचना कीजिये । यह नव लोक प्रशासन से किस प्रकार भिन्न है ? **15**

Discuss the basic tenets of New Public Management. How is it different from New Public Administration ?

(c) मैक्स वेबर द्वारा दिये गये नौकरशाही सिद्धान्त का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिये । वर्तमान सन्दर्भ में इसकी क्या प्रासंगिकता है ? **10**

Critically analyse the Bureaucratic theory as given by Max Weber. What is its relevance in present context ?

दृष्टि The Vision

2. (a) व्यवस्था उपागम क्या है ? लोक प्रशासन के व्यवहारिक क्षेत्र में इसकी उपयोगिता बताइये । उदाहरण भी दीजिये । **15**

What is Systems Approach ? Enumerate its utility in the practical field of Public Administration. Also give examples.

(b) "एक प्रशासनिक संगठन में सत्ता तथा उत्तरदायित्व साथ-साथ चलते हैं।" आलोचनात्मक परीक्षण कीजिये । **15**

"Authority and responsibility go hand in hand in an administrative organisation." Critically examine.

(c) प्रत्यायोजन तथा विकेन्द्रीकरण की अवधारणा का वर्णन कीजिये । इन दोनों के मध्य विभेदीकरण भी बताइये । **10**

Explain the concept of Delegation and Decentralisation. Also distinguish between these two.

3. (a) नेतृत्व की विभिन्न तकनीकों की व्याख्या कीजिये । प्रशासनिक नेतृत्व को प्रभावी बनाने हेतु कुछ उपाय सुझाइये । **15**

Discuss various techniques of Leadership. Suggest some measures to make Administrative Leadership effective.

(b) हर्ज़बर्ग के द्वि-कारक अभिप्रेरण सिद्धान्त का मूल्यांकन कीजिये । यह मैक ग्रेगर के X तथा Y सिद्धान्त से किस प्रकार भिन्न है ? वर्णन कीजिये । **15**

Evaluate Herzberg's two-factor theory of motivation. How is it different from McGregor's Theory X and Theory Y ? Explain.

(c) प्रशासनिक संगठनों में मुख्यालय-क्षेत्रीय अभिकरण सम्बन्धों का विश्लेषण कीजिये । इन सम्बन्धों को कौन-से कारक प्रभावित करते हैं ? **10**

Analyse Headquarter – Field agencies relationship in administrative organisations. Which factors affect these relations ?

4. (a) "सूत्र (लाइन) तथा स्टाफ अभिकरण सत्ता सम्बन्धों को दर्शाते हैं, न कि विभागीय क्रिया-कलापों को।" उपरोक्त वक्तव्य का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिये । **15**

"Line and Staff Agencies are characterisations of authority relationships and not departmental activities."

Critically examine the above statement.

(b) स्थिति वर्गीकरण क्या है ? लोक सेवाओं में इसके लाभ तथा हानियों की व्याख्या कीजिये । **15**

What is position classification ? Discuss its advantages and disadvantages in public services.

(c) सिविल सेवाओं में निष्पादन मूल्यांकन की आवश्यकता क्यों है ? निष्पादन मूल्यांकन के मार्ग में आनेवाली विभिन्न समस्याओं का उल्लेख कीजिये । **10**

Why performance appraisal in civil services is needed ? Pointout various problems which come in the way of performance appraisal.

## खण्ड – ब/Section – B

5. (a) भारत में लोक सेवाओं में तटस्थता एवं अनामता का अर्थ तथा महत्त्व का वर्णन कीजिये । उपयुक्त उदाहरण भी दीजिये । **15**

Explain the meaning and importance of neutrality and anonymity in civil services in India. Also give suitable examples.

(b) भारत सरकार में लोक लेखाओं के लेखा परीक्षण पद्धति की व्याख्या कीजिये । इसमें सुधार हेतु सुझाव प्रस्तुत कीजिये । **15**

Explain the method of auditing public accounts in the Government of India. Propose suggestions for reforms in it.

(c) भारत में केन्द्रीय बजट के कार्यान्वयन की प्रक्रिय का परीक्षण कीजिये । इस सम्बन्ध में राजकोष की क्या भूमिका रहती है ? **10**

Examine the process of execution of Central Budget in India. What is the role of the treasury in this regard ?

6. (a) लोक प्रशासन पर न्यायिक नियंत्रण की आवश्यकता तथा औचित्य का वर्णन कीजिये । उच्च न्यायालय प्रशासन के विरुद्ध कौन-कौन सी समादेश (लेख) जारी कर सकते हैं ? **15**

Explain the need and justification of Judicial control over Public Administration. What kind of writs can be issued by the High Court against Administration ?

(b) प्रशासन पर आन्तरिक नियन्त्रण क्या होता है ? यह कहाँ तक प्रभावी है ? इसकी कमजोरियों का उल्लेख कीजिये । **15**

What is internal control over administration ? How far is it effective ? Mention its weaknesses.

(c) "संगठन तथा पद्धति – सरकारी कार्यालयों में इसकी उपयोगिता" पर एक आलोचनात्मक टिप्पणी लिखिये । **10**

Write a critical note on "Organisation and methods – Its utility in Government Offices."

7. (a) प्रत्यायोजित विधान के अर्थ को स्पस्ट कीजिये । इसके निर्माण की प्रक्रिया के दौरान कौन–कौन से रक्षोपायों का अनुसरण किया जाता है ? वर्णन कीजिये । **15**
Clarify the meaning of delegated legislation. What kind of safeguards are followed during the process of making delegated legislation ? Explain.

(b) प्रशासनिक न्यायाधिकरण क्या होते है ? ये सामान्य न्यायालयों से किस प्रकार भिन्न हैं ? इनकी सीमाओं का उल्लेख कीजिये । **15**
What are administrative tribunals ? How are they different from ordinary judicial courts ? Mention their limitations.

(c) 'प्रशासनिक विकास' से आप क्या समझते हैं ? सरकार में प्रशासनिक विकास को बढ़ाने हेतु विभिन्न तकनीकों का विवेचना कीजिये । **10**
What do you understand by the term 'Administrative Development' ? Delineate various techniques to enhance administrative development in Government.

8. (a) विकास प्रशासन की अवधारण का वर्णन कीजिये । विकास प्रशासन किसी देश की राजनैतिक – आर्थिक व्यवस्था को किस प्रकार से प्रभावित करता है ? विवेचना कीजिये । **15**
Explain the concept of Development Administration. How Development Administration affect the Politico-Economic System of a country ? Discuss.

(b) लोक नीति का सामाजिक लेखा परीक्षण क्या है ? नीति मूल्यांकन की विभिन्न तकनीकों का आलोचनात्मक विवेचना कीजिये । **15**
What is Social Audit of Public Policy ? Critically discuss various techniques of Policy evaluation.

(c) फ्रेड रिग्स द्वारा प्रतिपादित एक 'समपार्श्वीय समाज' की मुख्य विशेषताओं (लक्षणों) का उल्लेख कीजिये । ये भारत में किस सीमा तक पाई जाती हैं ? **10**
Discuss the main features of a 'Prismatic Society' as propounded by Fred Riggs. To what extent these are bound in India ?

---